प्रकाशन हेतु अनुमोदित

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय,बिलासपुर

रिट याचिका (सिविल) क्रमांक-4964/2008

याचिकाकर्ता- **राजेश बिस्सा**

बनाम

उत्तरदातागण- **छत्तीसगढ़ राज्य व अन्य**

आदेश हेतु 27 अप्रैल 2010 को सूचीबद्ध करें ।

\

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

सही/-

(सतीश के. अग्निहोत्री)

न्यायाधीश

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय,बिलासपुर

रिट याचिका (सिविल) क्रमांक-4964/2008

याचिकाकर्ता- **राजेश बिस्सा**

बनाम

उत्तरदातागण- **छत्तीसगढ़ राज्य व अन्य**

(भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत रिट याचिका)

एकल पीठ- माननीय श्री सतीश के. अग्निहोत्री, न्यायाधीश

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

उपस्थिति

याचिकाकर्ता की ओर से :श्री सौरभ डांगी एवं सुश्री नौशिना आफरीन अली, अधिवक्तागण

राज्य/उत्तरदाता क्रमांक -1 की ओर से- श्री किशोर भादुड़ी, अतिरिक्त महाधिवक्ता,

उत्तरदाता क्रमांक-2 की ओर से - श्री संजय के. अग्रवाल एवं श्री आशीष श्रीवास्तव, अधिवक्तागण,

उत्तरदाता क्रमांक-3 एवं 4 की ओर से- श्री पी.एस.कोशी, अधिवक्ता

आदेश

(दिनांक 27 अप्रैल 2010 **को पारित)**

1. इस याचिका के माध्यम से, याचिकाकर्ता छत्तीसगढ़ लोक आयोग, रायपुर के प्रधान लोकायुक्त द्वारा छत्तीसगढ़ शासन को प्रस्तुत प्रतिवेदन दिनांक 23.06.2008 को अभिखंडित (रद्द) करने के लिए उत्प्रेषण रिट जारी किये जाने की याचना करता है। दूसरा, यह कि प्रस्तुत प्रतिवेदन को इस तथ्य के आधार पर अवैध घोषित किया जाए कि उत्तरदाता क्रमांक-2 से उत्तरदाता क्रमांक-4 द्वारा प्रस्तुत जबाब/टिप्पणियों की एक प्रति याचिकाकर्ता को उपलब्ध नहीं

कराई गई थी। तीसरा, यह कि शिकायत की जाँच हेतु एक स्वतंत्र एजेंसी नियुक्त की जाए और चौथा, यह कि उत्तरदाता क्रमांक-2 से उत्तरदाता क्रमांक-4 के विरुद्ध दांडिक प्रकरण दर्ज किया जाए।

2. संक्षेप में, याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत तथ्य यह है कि याचिकाकर्ता एक सामाजिक कार्यकर्ता और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, रायपुर का पदाधिकारी है। उसने दिनांक 29.05.2008 को छत्तीसगढ़ लोक आयोग अधिनियम, 2002 (संक्षेप में 'अधिनियम, 2002') के प्रावधानों के अधीन उत्तरदाता क्रमांक-2 से उत्तरदाता क्रमांक-4 के विरुद्ध लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत (अनुलग्नक पी/2) प्रस्तुत किया। उत्तरदाता क्रमांक-5 के कार्यालय द्वारा प्रकरण परिवाद क्रमांक-31/2008 के रूप में दर्ज किया गया। इसके बाद,याचिकाकर्ता को उत्तरदाता क्रमांक-2 से उत्तरदाता क्रमांक-4 द्वारा की गई किसी भी कार्यवाही,जाँच,जबाब या स्पष्टीकरण,यदि कोई हो, के बारे में कोई जानकारी नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता को आश्चर्यजनक रूप से आक्षेपित रिपोर्ट दिनांक23.06.2008 (अनुलग्नक पी/1) प्राप्त हुआ, जिसमें कहा गया कि उत्तरदाता क्रमांक-2 से उत्तरदाता क्रमांक-4 के विरुद्ध अवचार (कदाचार) का कोई मामला नहीं बनता है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने उत्तरदाता क्रमांक-2 से उत्तरदाता क्रमांक-4 द्वारा दिए गए जबाब /टिप्पणियों की प्रमाणित प्रति प्रदान किये जाने हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत आवेदन किया। अतः, यह याचिका प्रस्तुत किया गया है।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

3. याचिकाकर्ता की ओर से उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री सौरभ डांगी एवं सुश्री नौशिना आफरीन अली ने तर्क प्रस्तुत किया कि उत्तरदाता क्रमांक -5 लोक आयोग ने मामले के तथ्यों का उचित विवेचन नहीं किया है। संपूर्ण प्रतिवेदन लोक आयोग की व्यक्तिपरक संतुष्टि पर

आधारित है तथा उत्तरदाता क्रमांक-5 द्वारा जाँच के लिए आवश्यक किसी भी प्रक्रिया को नहीं अपनाया गया है। प्राकृतिक न्याय का मूल सिद्धांत, जिसके अनुसार शिकायतकर्ता को उत्तरदाता क्रमांक- 2 से 4 द्वारा दिए गए जबाब और टिप्पणियों पर सुनवाई का अवसर दिए जाने का अधिकार है, याचिकाकर्ता को प्रदान नहीं किया गया। अधिनियम, 2002 की धारा 9 जाँच के संबंध में प्रक्रिया का प्रावधान करती है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जाँच करते समय लोक आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन किया जाए। श्री डांगी ने तर्क प्रस्तुत किया कि धारा 8 और 9 के प्रावधान समान हैं और एक-दूसरे के साथ असंगत नहीं हैं, इसलिए, अधिनियम, 2002 की धारा 10 का सहारा लिया जाना चाहिए था। संपूर्ण कार्यवाही एकपक्षीय था। उत्तरदाता क्रमांक-5 को सर्वप्रथम जाँच और अन्वेषण की प्रक्रिया निर्धारित करनी चाहिए थी और उसके बाद याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए था। उत्तरदाता क्रमांक-5 ने अपने विवेक का प्रयोग मनमाने ढंग से किया है, विवेकपूर्ण ढंग से नहीं। विधि के सुस्थापित सिद्धांतों का पालन किए बिना, समान स्थिति वाले अन्य व्यक्तियों से निविदाएँ आमंत्रित किए बिना,किसी विशेष व्यक्ति को परामर्शदाता का कार्य प्रदान करना, दोषपूर्ण है। यह विधि का सुस्थापित सिद्धांत है जैसा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक निर्णयों में प्रतिपादित किया है कि राज्य, उसके निगमों, संस्थाओं और एजेंसियों द्वारा संविदा (अनुबंध) सामान्यतः पात्र व्यक्तियों से निविदाएँ आमंत्रित करके सार्वजनिक नीलामी/सार्वजनिक निविदा के माध्यम से प्रदान किए जाने चाहिए और सार्वजनिक नीलामी या निविदाएँ आमंत्रित करने की अधिसूचना उस क्षेत्र में व्यापक प्रसार वाले प्रसिद्ध दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापित की जानी चाहिए जिसमें नीलामी की तिथि, समय और स्थान, नीलामी की विषय-वस्तु, तकनीकी विनिर्देश, अनुमानित लागत, अग्रिम राशि, जमा राशि आदि जैसे सभी सुसंगत विवरण शामिल होने चाहिए। याचिकाकर्ता को शिकायतकर्ता के होने

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

नाते,समिति की प्रतिवेदन या अन्य सुसंगत दस्तावेज़ों, जो उत्तरदाता क्रमांक-2 से 4 द्वारा उत्तरदाता क्रमांक-5 के समक्ष प्रस्तुत किया गया था,की एक प्रति प्रदान किया जाना चाहिये था राज्य की उदारता (अनुकंपा) मनमाने ढंग से प्रदान की गई है। आई.एल.एंड.एफ.एस आई.डी.सी (संक्षेप में 'आई.आई.डी.सी') को दिया गया कार्य उसे लाभ पहुँचाने के लिए था क्योंकि आई.आई.डी.सी को प्रश्नगत कार्य को कार्यान्वित करने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम पाया गया था। महालेखाकार कार्यालय द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया गया। यहाँ तक कि अधिकारियों द्वारा अभिलिखित किए गए कारण भी न्यायसंगत और उचित नहीं थे। उत्तरदाता क्रमांक -2 ने, बिना कारण स्पष्ट किये कहा है कि, वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे है कि सब कुछ विधि के अनुसार किया गया था, जो मोहिंदर सिंह गिल प्रकरण (ए.आई.आर 1978 एस.सी 851) में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित विधि के सुस्थापित सिद्धांतों के विपरीत है। लोक आयोग, उत्तरदाता क्रमांक-2 से 4 के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा करने में विफल रहा है। प्रतिवेदन में यह निष्कर्ष निकाला गया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा परामर्शदात्री के संबंध में अनुबंध प्रदान करने का यह पहला अवसर था, इसलिए महालेखाकार और उत्तरदाता क्रमांक- 4 सहित किसी को भी इस बात का कोई अंदाजा नहीं था कि वास्तव में परामर्शदात्री अनुबंध क्या होता है, और यह भी कि अंततः यह अज्ञानता ही वर्तमान स्थिति का कारण बनी है। यह पूर्ण रूप से त्रुटिपूर्ण और अनुचित है।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

4. श्री डांगी ने आगे यह भी तर्क प्रस्तुत किया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 05.07.2007 (अनुलग्नक पी/2-डी)विशेष रूप से यह प्रावधान करता है कि किसी भी अन्य विधि की तरह, निविदा प्रक्रिया या सार्वजनिक नीलामी, किसी भी शासकीय एजेंसी द्वारा ठेका (अनुबंध) प्रदान किये जाने हेतु एक बुनियादी आवश्यकता है। विशेष रूप से नामांकन के

आधार पर ठेका (अनुबंध) प्रदान करना संविधान के अनुच्छेद 14, जो सभी हितबद्ध पक्षकारों को समानता का अधिकार प्रदान करता है,का उल्लंघन है। वर्तमान मामले में इसकी पूरी तरह से अनदेखी की गई है । श्री डांगी ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा *नगर निगम, मेरठ बनाम अल फहीम मीट एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (2006) 13 एस.सी. सी 382* में दिए गए निर्णय का अवलंब लिया हैं।

5. इसके विपरीत, राज्य/उत्तरदाता क्रमांक-1 की ओर से उपस्थित, श्री भादुड़ी, विद्वान अतिरिक्त महाधिवक्ता, ने तर्क प्रस्तुत किया कि वर्तमान याचिका भारतीय संविधान के अनुच्छेद 227 के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है,जिसमें उत्तरदाता क्रमांक-5 द्वारा प्रस्तुत आक्षेपित प्रतिवेदन की सत्यता पर प्रश्न उठाया गया है। भारत सरकार द्वारा गठित प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा एक वैधानिक निकाय अर्थात लोकपाल या लोकायुक्त के गठन और किसी व्यक्ति द्वारा लोक सेवकों के विरुद्ध शिकायतों की जाँच हेतु प्रक्रियाओं के लिए एक अनुशंसा किया गया था। तदनुसार, अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत उत्तरदाता क्रमांक-5 का गठन लोक सेवकों के विरुद्ध अवचार (कदाचार) की विशिष्ट शिकायतों और उनसे संबंधित अन्य मामलों की जाँच हेतु किया गया है। अधिनियम, 2002 की धारा 9 और 14 के उपबंध उन लोक सेवकों के संबंध में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुपालन का प्रावधान करते हैं जिनके विरुद्ध शिकायत दर्ज किया गया है। यदि शिकायतकर्ता को दोषी ठहराने वाला कोई आदेश पारित नहीं किया गया है, ऐसी स्थिति में शिकायतकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है। उत्तरदाता क्रमांक-5 द्वारा किया गया जाँच कोई विचारण नहीं, बल्कि एक साधारण प्रारंभिक जाँच है जिसके आधार पर यदि लोक सेवक के विरुद्ध कथित अवचार (कदाचार) सिद्ध पाया जाता है, तो उन्हें पुनः सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद उचित कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। यदि शिकायत झूठी पाई जाती है, तो अधिनियम, 2002 की

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

धारा 8 की उपधारा (2) के अंतर्गत शिकायतकर्ता पर दंड अधिरोपित करने का प्रावधान है। केवल उन्ही मामले में, शिकायतकर्ता *दूसरे पक्ष को भी सुनो* के सिद्धांतों का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी है। वर्तमान मामले में, शिकायतकर्ता/याचिकाकर्ता के विरुद्ध अधिनियम, 2002 की धारा 8(2) के प्रावधानों के अंतर्गत कोई कार्यवाही प्रारंभ नहीं किया गया है। अतः, याचिकाकर्ता द्वारा किये गये शिकायत के आधार पर, उत्तरदाता क्रमांक-2 से 4 द्वारा प्रस्तुत जबाब और टिप्पणियों की जाँच करने के बाद, प्रतिवेदन प्रस्तुत करने से पहले याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान करना आवश्यक नहीं है।

6. उत्तरदाता क्रमांक-2 की ओर से उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री संजय के. अग्रवाल और श्री आशीष श्रीवास्तव,द्वारा निवेदन किया गया कि वे न्यायालय की अनुमति से, जबाब दावा जो उत्तरदाता क्रमांक-2 द्वारा उत्तरदाता क्रमांक-5 के समक्ष प्रस्तुत किया गया है,को ही स्वीकार (अंगीकार) करते है। श्री अग्रवाल ने तर्क दिया कि शिकायत एक राजनीतिक कार्यकर्ता द्वारा मुख्यमंत्री के विरुद्ध दर्ज कराया गया था। यह एक मुख्यमंत्री जो अन्य राजनीतिक दल से जुड़े है ,के विरुद्ध राजनीतिक लाभ और प्रचार पाने का एक प्रयास मात्र था। अतः, राजनीतिक द्वेषपूर्ण हेतुक से प्रस्तुत ऐसी याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता का यह प्रकथन कि उसके द्वारा यह शिकायत रिट याचिका (जनहित याचिका) क्रमांक- 1887/2008 में पारित आदेश के आधार पर दर्ज कराया गया है, अभिलेख पर उपलब्ध तथ्यों के विपरीत है क्योंकि उत्तरदाता क्रमांक 2 से 4 उक्त जनहित याचिका में पक्षकार नहीं थे। सभी आरोप बेबुनियाद और निराधार हैं। प्रतिवेदन उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जो प्रमुख लोकायुक्त के पद पर थे। इस प्रकार, मात्र याचिकाकर्ता के ही बयान के आधार पर, प्रतिवेदन पर संदेह नहीं किया जा सकता है। प्रतिवेदन उचित और न्यायसंगत है क्योंकि

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

विचाराधीन अनुबंध एक परामर्श अनुबंध था, न कि कार्य अनुबंध या आपूर्ति अनुबंध। इसलिए, परामर्श अनुबंध प्रदान करने का प्रतिफल अन्य अनुबंध प्रदान करने के प्रतिफल से भिन्न है। शासकीय कामकाज से सम्बन्धित संव्यवहार नियमों के अनुसार उचित प्रक्रिया का पालन किया गया। अतः याचिकाकर्ता की शिकायत निराधार और व्यर्थ है और याचिका जुर्माने सहित खारिज किए जाने योग्य है।

7. श्री अग्रवाल ने आगे तर्क दिया कि अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत परिकल्पित जाँच, तथ्यान्वेषण प्रकृति की है। शिकायतकर्ता और जिन लोक सेवकों के विरुद्ध शिकायत दर्ज की गई है, उनके बीच कोई विवाद नहीं है इस प्रकार वाद का कोई न्यायनिर्णयन नहीं है। अपने तर्क के समर्थन में, श्री अग्रवाल ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ***रियल वैल्यू अप्लायंसेज लिमिटेड बनाम केनरा बैंक***[1] और ***डॉ. बलिराम वामन हिरय बनाम न्यायमूर्ति बी. लेंटिन एवं अन्य***[2] में दिए गए निर्णयों का अवलंब लिया है ।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

8. उत्तरदाता क्रमांक-3 एवं 4 की ओर से उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री पी.एस. कोशी, के उत्तरदाता क्रमांक -2 द्वारा प्रस्तुत तर्क स्वीकार करते हुए तर्क प्रस्तुत किया कि याचिका में किये गये अभिकथनों के अवलोकन मात्र से यह स्पष्ट है कि उत्तरदातागण को परेशान करने और झूठा फंसाने का प्रयास किया गया है। याचिकाकर्ता ने स्वयं अधिनियम 2002 के प्रावधानों को गलत समझा और इसका गलत निर्वचन किया है, इस आधार पर कि वह मूल शिकायतकर्ता था, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुपालन का दावा किया जिसके आधार पर जांच शुरू किया गया और जांच कार्यवाही में उत्तरदातागण के विरुद्ध कुछ भी नहीं पाया गया। उत्तरदाता क्रमांक-5 ने अधिनियम, 2002 की धारा 8(2) के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग नहीं

[1] (1998) 5 SCC 554.
[2] (1998) 4 SCC 419.

किया है, जिसके तहत शिकायतकर्ता, जिसने झूठी शिकायत की है, के विरुद्ध दांडिक प्रकरण दर्ज किया जा सकता है इस प्रकार, याचिकाकर्ता इस तथ्य से कि उसके विरुद्ध प्रतिकूल आदेश पारित करने से पहले उसे सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया, व्यथित होने का दावा नहीं कर सकता।

9. पर्यावरण एवं नगरीय प्रशासन द्वारा जारी आदेश दिनांक 08.08.2002 (अनुलग्नक आर-3/1) के माध्यम से मौजूदा राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण, जो अब नया रायपुर विकास प्राधिकरण है, को निविदा आमंत्रित करके या आपसी चर्चा के माध्यम से परामर्शदाता की नियुक्ति का प्रावधान करने के लिए अधिकृत किया। यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि छत्तीसगढ़ राज्य एक नवगठित राज्य है और बुनियादी ढाँचा विकास राज्य सरकार के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। भारतीय योजना आयोग की तकनीकी परामर्श सेवाओं (संक्षेप में 'टी.सी.एस ') से सम्बंधित एक समिति द्वारा भारतीय परिस्थितियों के अनुसार समायोजित अंतर्राष्ट्रीय पद्धति के अनुसार परामर्शदाताओं की नियुक्ति और उनकी शुल्क (फीस) तय करने का अनुशंसा किया गया है। मूल्य कटौती और प्रतिस्पर्धात्मक बोलियों से बचा जाना था। सलाहकारों को अनुबंध उनकी क्षमता, अनुभव और बोलियों की तर्कसंगतता के आधार पर दिए जाने चाहिए। सलाहकारों को उन्हीं मानकों और प्रथाओं का पालन करना चाहिए जो चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा अपनाई जाती हैं। सलाहकारों की नियुक्ति के लिए निविदाएँ आमंत्रित करने की प्रक्रिया का उपयोग बहुत संयम से किया जाना चाहिए। तदनुसार, एक सुप्रसिद्ध परामर्शदाता, जिसने अन्य राज्य सरकारों को भी सेवाएँ प्रदान की हैं, को नियुक्त किया गया।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

10. याचिकाकर्ता के इस कथन कि महालेखाकार द्वारा उठाए गए आक्षेपों को नज़रअंदाज़ कर दिया गया, उनके विद्वान अधिवक्ता ने पत्र दिनांक 7.6.2008 (अनुलग्नक आर-4/6) का

अवलंब लिया है और कथन के समर्थन में तर्क प्रस्तुत किया है कि महालेखाकार कार्यालय के समक्ष उचित जबाब दावा प्रस्तुत किया गया था जिसमें यह कहा गया था कि तमिलनाडु सरकार, गुजरात सरकार, आर एंड बी विभाग, आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड, कर्नाटक राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (के. एस. आई.आई. डी. एस), आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड, केरल सरकार, पंजाब अवसंरचना विकास बोर्ड, गुजरात सरकार द्वारा वाइब्रेंट गवर्नमेंट प्रोग्राम हेतु, तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड और एम. एम टी सी लिमिटेड द्वारा आई.आई. डी.सी को अवसंरचना परियोजनाओं के लिए सीधे सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

11. टीसीएस की रिपोर्ट के अनुसार,अनुभव, प्रतिष्ठा, क्षमता तथा विभिन्न राज्य सरकारों और राज्य की कंपनियों द्वारा अन्य नियुक्तियों को ध्यान में रखते हुए, निविदा आमंत्रित करना उचित नहीं पाया गया और परामर्श का कार्य आई.आई.डी.सी को सौंप दिया गया। महालेखाकार की इस आपत्ति के संबंध में कि तकनीकी सलाहकार का चयन निष्पक्ष नहीं था, उत्तरदाता क्रमांक-4 द्वारा सभी प्रश्नों का उत्तर दिया गया और उसके बाद, उत्तरदाता क्रमांक-4 द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण/जबाब से संतुष्ट होने के बाद महालेखाकार कार्यालय द्वारा कोई निर्देश जारी नहीं किया गया।

12. पक्षकारों की ओर से उपस्थित अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तर्कों को सुना गया, अभिवचनों और संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया गया ।

13. याचिकाकर्ता ने दिनाँक 29.05.2008 को उत्तरदाता क्रमांक-5 के समक्ष इस आधार पर शिकायत (अनुलग्नक पी/2) दर्ज कराया कि छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम ने दिनाँक

10.08.2005 को आई.आई.डी.सी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य में अधोसंरचना के विकास हेतु परामर्श अनुबंध (अनुलग्नक पी/9) किया था, जिसमें समान स्थिति वाली अन्य कंपनियों/व्यक्तियों से निविदाएँ/आवेदन आमंत्रित नहीं किए गए थे। इस प्रकार, उत्तरदाता क्रमांक-2 से 4 द्वारा गंभीर अवचार (कदाचार) कारित किया गया है। उन्होंने विधि की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना आई.आई.डी.सी के प्रस्ताव को स्वीकार करके उसे लाभ पहुँचाने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 के प्रावधानों का उल्लंघन किया है परामर्श शुल्क के रूप में 1.5 करोड़ रुपये का भुगतान भी इसी उद्देश्य और प्रयोजन से किया गया था। उत्तरदाता क्रमांक-5 ने शिकायत को, शिकायत प्रकरण क्रमांक 31/2008 के रूप में दर्ज किया। विद्वान प्रमुख लोकायुक्त ने उत्तरदाता क्रमांक-2 से 4 को नोटिस जारी किया और उनके द्वारा प्रस्तुत शपथपत्रों/टिप्पणियों की जाँच किया और उचित विचार-विमर्श के बाद इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि आई.आई.डी.सी के साथ अनुबंध के बाद जारी किया गया सी.वी.सी परिपत्र दिनांक 5.7.2007, परामर्श अनुबंध के संबंध में लागू नहीं था, बल्कि अन्य कार्य अनुबंधों और अन्य प्रकार के अनुबंधों पर लागू था। प्रमुख लोकायुक्त ने टीसीएस के सम्बन्ध में भारत सरकार के योजना आयोग द्वारा प्रस्तुत समिति रिपोर्ट पर भरोसा किया और इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि परामर्श अनुबंध के मामले में, किसी निविदा की आवश्यकता नहीं होती है। सलाहकार कार्यों के लिए निविदाएँ आमंत्रित करने की पद्धति का प्रयोग संयमित रूप से किया जाना चाहिए, तथा आई.आई.डी. सी की सक्षमता तथा प्रतिष्ठा का परीक्षण करने के पश्चात्, चयन की पद्धति और परामर्श शुल्क पर विचार करते हुए, यह अभिनिर्धारित किया गया कि तकनीकी सलाहकारों की नियुक्ति में अनुभव की कमी के कारण, यह अनुबंध (करार) तकनीकी विशेषज्ञता वाले व्यावसायिक अनुबंध के समान था। उत्तरदाता क्रमांक-2 से 4 की ओर से कोई भी अवचार (कदाचार) कारित किया जाना सिद्ध नहीं पाया गया। तदनुसार, विद्वान प्रमुख लोकायुक्त द्वारा

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

दिनाँक 23.06.2008 को राज्य सरकार को कारणों सहित एक विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें कहा गया कि उत्तरदाता क्रमांक-2 से 4 विरुद्ध लगाए गए आरोप निराधार थे। ये अवचार (कदाचार) के श्रेणी में नहीं आते हैं।

14. इस संदर्भ में महालेखाकार के कार्यालय द्वारा उठाई गई आपत्ति का जवाब नहीं दिया गया है, उत्तरदाता क्रमांक-4 ने अन्य बातों के साथ, महालेखाकार के कार्यालय द्वारा उठाई गई आपत्तियों का जवाब निम्न प्रकार से दिया है:

> "इस अवलोकन के सम्बन्ध में स्थिति यह है कि इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज़, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (आई.एल एंड एफ.एस. आई.डी.सी),जो इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड (आई.एल एंड एफ.एस) की एक सहायक है, ने अपने पत्र दिनांक 9.12.2004 (अनुलग्नक-1) के माध्यम से, आई.एल एंड एफ.एस आई.डी.सी के साथ राज्य में तेज़ी से औद्योगिक अवसंरचना विकास हेतु उद्योग विभाग को एक प्रस्ताव दिया था। अपने पत्र में आई.एल एंड एफ.एस आई.डी.सी ने राज्य में उद्योग से जुड़े अवसंरचना विकास हेतु आई.एल एंड एफ.एस आई.डी.सी और छत्तीसगढ़ शासन (जी.ओ.सी) की एक एजेंसी द्वारा मिलकर एक विशेष प्रयोजन कंपनी (एस पी सी) बनाने का प्रस्ताव दिया था। उक्त पत्र में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पी.पी.पी), बिल्ड ऑपरेट एंड ट्रांसफर (बी.ओ.टी), बिल्ड, ओन, ऑपरेट एंड ट्रांसफर (बी.ओ.ओ.टी), बिल्ड, ओन,ऑपरेट एंड सेल (बी.ओ.ओ.एस) जैसे दूसरे विकल्प भी बताए गए थे। यह पत्र के मिलने पर आई.एल एंड ऍफ़.एस आई.डी.सी को राज्य सरकार के वाणिज्य और उद्योग विभाग के माननीय मंत्री के सामने एक

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

प्रस्तुतीकरण देने के लिए कहा गया। दिनांक 22.12.2004 को आई.एल एंड ऍफ़.एस आई.डी.सी लिमिटेड ने वाणिज्य और उद्योग विभाग के माननीय मंत्री के सामने एक प्रस्तुतीकरण दिया। इस प्रस्तुतीकरण के दौरान आई.एल एंड ऍफ़.एस आई.डी.सी ने अन्य बातों के साथ-साथ अपनी विश्वसनीयता तथा उनके द्वारा केंद्र सरकार के संगठनों और अन्य राज्यों में किए गए अवसंरचना विकास गतिविधियों को प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुतीकरण के दौरान आई एल एंड ऍफ़ एस आई डी सी ने निम्नलिखित दो विकल्प प्रस्तावित किए:

(I) परियोजना विकास एवं संवर्धन भागीदारी विकल्प जिसके तहत आई.एल एंड एफ.एस को परियोजना विकास हेतु एक परामर्शदाता के रूप में कार्य करना था।

(II) अवसंरचना विकास के लिए छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (सी.एस.आई.डी.सी)/छत्तीसगढ़ अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (सी.आई.डी.सी) और आई.एल एंड एफ.एस आई.डी.सी की विशेष प्रयोजन कंपनी का गठन।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

प्रस्तुतीकरण के दौरान हुई चर्चा के अनुसार, आई.एल एंड एफ.एस आई.डी सी ने दिनांक 23.12.2004 को राज्य सरकार को पी.डी.पी.पी विकल्प के तहत नीचे दिए गए परियोजना विकास हेतु एक प्रस्ताव (अनुलग्नक-2), दिया जिसके तहत आई.एल एंड एफ.एस आई.डी.सी को प्रोजेक्ट डेवलपर का चुनाव कर निम्न परियोजना हेतु परियोजना विकास और मार्केटिंग का काम करना था -

1 हर्बल और मेडिसिनल पार्क

2 एल्युमिनियम/ मेटल पार्क

3 फ़ूड पार्क

यह प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया था और जिसकी अनुमोदन सूचना सी.आई.डी.सी को पत्र क्रमांक एफ 20-109/04/11/6 दिनांक 28.03.2005 के माध्यम से दी गई थी।

बाद में, एल्युमीनियम/मेटल पार्क परियोजना को रत्न एवं आभूषण विशेष आर्थिक क्षेत्र परियोजना से प्रतिस्थापित किया गया। इसका कारण यह था कि पूर्वोक्त परियोजना के लिए फर्म स्थान को अंतिम रूप नहीं दिया गया था, वहीं नया रायपुर टाउनशिप में उत्तरवर्ती परियोजना का स्थान निर्धारित कर दिया गया था। सी.आई.डी.सी और आई.एल एंड किए एफ.एस आई.डी.सी के बीच समझौता ज्ञापन पर दिनांक 10.08.2005 को हस्ताक्षर गए थे। इसे सी.आई.डी.सी के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 25.01.2006 को आयोजित अपनी 19वीं बैठक में पुष्ट किया गया था (कार्यवृत्त अनुलग्नक- 3 के रूप में संलग्न हैं)। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि आई.एल एंड एफ.एस आई.डी.सी के प्रस्ताव पर राज्य सरकार/ सी.आई.डी.सी में उपयुक्त स्तर पर चर्चा की गई, जिसके उपरांत निर्णय लिया गया।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

लेखापरीक्षा से अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त स्पष्टीकरण को स्वीकार करें और टिप्पणी को संलग्न/दाखिल करें।

खाद्य प्रसंस्करण, जड़ी-बूटी और औषधीय पौधों पर आधारित प्रसंस्करण, और आभूषण निर्माण तथा रत्न प्रसंस्करण उद्योगों में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से, राज्य सरकार ने वर्ष 2004 में इन क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने हेतु विशेष औद्योगिक पार्कों को विकसित करने का निर्णय लिया था। चूंकि सी.एस.आई.डी.सी के पास इन क्षेत्रों में विशेषज्ञता और अनुभव का अभाव था, इसलिए यह अनुभव किया गया कि परियोजना विकास/परियोजना निर्माण का कार्य किसी प्रतिष्ठित परामर्शदाता द्वारा किया जाना चाहिए। बोली प्रक्रिया के बिना प्रतिष्ठित परामर्शदाता की नियुक्ति कई वर्षों से प्रचलन में रही है और केंद्र/राज्य सरकारों के विभाग ऐसा करते रहे हैं।

आई.एल एंड एफ.एस आई.डी.सी आईएल एंड एफएस की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जो देश में अवसंरचना परियोजना विकास, वित्तपोषण, पट्टे पर देने आदि के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है। आई.एल एंड एफ.एस में पर्याप्त शेयरधारिता (43% से अधिक) शासकीय संस्थानों, अर्थात् यू.टी.आई, सी.बी.आई और एस.बी.आई की थी। वर्ष 2004 में अन्य शेयरधारक हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचडीएफसी), ओरिक्स कॉर्पोरेशन, जापान, अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम, वाशिंगटन, एचएसबीसी बैंक, सिंगापुर सरकार आदि (अनुलग्नक- 4) थे। इसलिए, अवसंरचना विकास के क्षेत्र में सरकारी कंपनियों और प्रतिष्ठित वित्तीय संस्थानों के स्वामित्व वाली एक प्रतिष्ठित परामर्शदाता होने के कारण, आई.एल एंड एफ.एस आई.डी.सी का चयन बोली प्रक्रिया के बिना किया गया था।

यह उल्लेखनीय है कि आई.एल एंड एफ.एस आई.डी.सी को अन्य राज्यों में भी राज्य सरकार के संगठनों के साथ-साथ केंद्र सरकार के संगठनों द्वारा भी बोली प्रक्रिया के बिना नियुक्त किया गया है। ऐसी परियोजनाओं की सूची यहाँ दी गई है जिनमें आई.एल एंड एफ.एस/आई.एल एंड एफ.एस आई.डी.सी को अवसंरचना परियोजनाओं हेतु सीधे परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया था-

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

क्रम संख्या	**संगठन का नाम**	**परियोजना का प्रकार**	**वर्ष**
1	तमिलनाडु सरकार	तिरुपुर विकास क्षेत्र कार्यक्रम का विकास और कार्यान्वयन।	1994
2	गुजरात सरकार, सड़क और भवन विभाग	गुजरात टोल सड़कों का विकास और कार्यान्वयन।	1996
3	आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड	विशाखापट्टनम औद्योगिक जल आपूर्ति परियोजना।	1998
4	कर्नाटक राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (के एस आई आई डी सी)	बैंगलोर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा।	1999
5	आंध्र प्रदेश औद्योगिक	ग्रीनफील्ड गंगावरम बंदरगाह का विकास।	2000

क्रम संख्या	**संगठन का नाम**	**परियोजना का प्रकार**	**वर्ष**
	अवसंरचना निगम लिमिटेड		
6	केरल सरकार	एकाधिक परियोजनाएँ।	2002
7	पंजाब अवसंरचना विकास बोर्ड	पंजाब सड़क क्षेत्र परियोजना।	2003
8	गुजरात सरकार	जीवंत शासन कार्यक्रम।	2003
9	तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओ.एन.जी .सी)	ओ.एन.जी.सी त्रिपुरा पावर प्रोजेक्ट।	2004
10	एम.एम.टी.सी लिमिटेड	भारत में मुक्त व्यापार और वेयरहाउसिंग ज़ोन स्थापित करने हेतु विकास परियोजना।	2004

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

इस संबंध में, यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण है कि भारत के योजना आयोग द्वारा लगभग वर्ष 1970 में गठित तकनीकी परामर्श सेवा समिति ने यह अनुशंसा की थी कि परामर्श सेवाओं को अधिमानतः बोली प्रक्रिया के बिना किराए पर लिया जाना चाहिए, जहाँ एक परामर्शदाता को चुनने के लिए मुख्य मानदंड उसकी प्रतिष्ठा, क्षमता आदि होनी चाहिए। उक्त समिति के निष्कर्षों के कुछ सुसंगत उद्धरण अनुलग्नक-5 के रूप में संलग्न हैं। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा एम.पी. संख्या 2475/1991 (बख्तावर सिंह बनाम मध्य प्रदेश राज्य और अन्य) (ए.आई.आर 1992 एम.पी 318) में उक्त समिति की रिपोर्ट का अवलंब लिया गया है।

नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य में तीव्र औद्योगिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु, एक ऐसे परामर्शदाता का चयन करना आवश्यक था जिसकी प्रतिष्ठा और सक्षमता हो, और जिसकी

फीस (शुल्क) इस बात को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की गई थी कि उन्हें अन्यत्र कितना शुल्क दिया गया है।

15. इसलिए, याचिकाकर्ता का यह तर्क कि उत्तरदातागण द्वारा महालेखाकार के कार्यालय द्वारा उठाई गई आपत्तियों का जवाब नहीं दिया गया है, गलत है और अभिलेख में मौजूद तथ्यों के विपरीत है।

16. छत्तीसगढ़ लोक आयोग अधिनियम, 2002 को राज्य विधानमंडल द्वारा कतिपय लोक सेवकों के विरुद्ध अवचार या शिकायत की विशिष्ट सूचना की जांच और उससे जुड़े मामलों हेतु विशेष प्राधिकारियों की नियुक्ति और उनके कृत्यों हेतु उपबंध बनाने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

17. अधिनियम, 2002 की धारा 2(ज) में अवचार को निम्न प्रकार से परिभाषित किया गया है:

> “(ज) किसी लोक सेवक द्वारा 'अवचार" से अभिप्रेत है और उसमें सम्मिलित है, ऐसे लोक सेवक ने:-
>
> (एक) ऐसे लोक सेवक के रुप में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए स्वयं के या अन्य व्यक्ति के अभिलाभ या पक्ष में या किसी अन्य व्यक्ति को असम्यक क्षति या कठिनाई कारित की हो.
>
> (दो) ऐसे लोक सेवक के रुप में उसके कृत्यों के निर्वहन में व्यक्तिगत हित या अनुचित या भ्रष्ट उद्देश्य से कार्य किया हो.
>
> (तीन) ऐसे लोक सेवक के रुप में भ्रष्टाचार, असम्यक पक्षपात, भाई मतीजावाद में लिप्त रहा हो या ईमानदारी की कमी रही हो,

(चार) आय के उसके ज्ञात साधनों से अधिक धन संबंधी साधन या अनुपातहीन संपत्ति धारित की हो और ऐसे धन संबंधी साधन या संपत्ति लोक सेवक द्वारा व्यक्तिगत रुप से या उसके परिवार के किसी सदस्य द्वारा या उसकी ओर से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा धारित की गई हो,

18. अधिनियम, 2002 की धारा 2(झ) में लोक सेवक को परिभाषित किया गया है जो इस प्रकार है:

(झ) "लोक सेवक से अभिप्रेत है और इसमें सम्मिलित है ऐसा व्यक्ति जो :-

(एक) मुख्यमंत्री है,

(दो) मंत्री है.

(तीन) छत्तीसगढ़ राज्य की विधानसभा का सदस्य है.

(चार) शासकीय सेवक है.

(पांच) राज्य विधान-मण्डल की विधि द्वारा या उसके अधीन राज्य में स्थापित किसी स्थानीय प्राधिकरण या विधिक निकाय या निगम, जिसमें कोई सहकारी समिति सम्मिलित है या कम्पनी अधिनियम 1956 (1956 का क्र. 1) की धारा 617 के अर्थ के अंतर्गत कोई सरकारी कम्पनी और ऐसे अन्य निगंम या बोर्ड जिन्हें सरकार ऐसे निगमों या बोर्डों में उसके वित्तीय हितों का ध्यान रखते हुए समय-समय पर अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे, का चेयरपर्सन (अध्यक्ष) तथा वाईस चेयरपर्सन (उपाध्यक्ष) (जो किसी भी नाम से जाना जाता हो) या इसका सदस्य हो,

(छ:) छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गठित किसी समिति या बोर्ड या प्राधिकरण या निगम चाहे वैध या अवैध हो, का सदस्य हो ।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

(सात) निम्नलिखित में से किसी निकाय में या अन्यथा सेवारत् हो या वेतन प्राप्त कर रहा हो:-

(कक) राज्य का किसी स्थानीय प्राधिकारी,

(खख) राज्य या केन्द्र के किसी अधिनियम द्वारा या उसके अधीन स्थापित कोई विधिक निकाय या कोई निगम (स्थानीय प्राधिकरण न हो) जो छत्तीसगढ़ सरकार के स्वामित्व की हो या नियंत्रण में हो और कोई अन्य बोर्ड या निगम जिसे सरकार, उसके वित्तीय हितों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर अधिसूचित करे,

(गग) कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का क्र.1) के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई कम्पनी, जिसमें कम से कम 51 प्रतिशत समादत्त पूंजी छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार द्वारा धारित हो या कोई कम्पनी जो ऐसी कन्पनी की समनुषंगी हो,

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

(घघ) राज्य विधान-मण्डल के किसी सुसंगतं अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत या रजिस्ट्रीकृत समझी जाने वाली सोसाइटी और जो छत्तीसगढ़ शासन के नियंत्रण के अध्यधीन हो,

(ड.ड.) कोई सहकारी सोसाइटी,

(चच) छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 (क्र. 22 सन् 1973) के अधीन संरचित या संरचित समझा गया विश्वविधालय;"

19. अधिनियम, 2002 की धारा 6 लोक आयोग को मुख्यमंत्री, मंत्री या किसी अन्य लोक सेवक के विरुद्ध अवचार या शिकायत की विशिष्ट जानकारी के सम्बन्ध में जाँच करने का अधिकार प्रदान करती है।

20. धारा 7 यह स्पष्ट करती है कि लोक आयोग, किसी कार्यवाही के संबंध में शिकायत के मामले में इस अधिनियम के अधीन कोई जांच संचालित नहीं करेगा यदि ऐसी कार्रवाई तृतीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी विषय से संबंधित हो और इसके अतिरिक्त अधिनियम, 2002 की धारा 7(2) के प्रावधानों के अंतर्गत, जो इस प्रकार है:

"7(2) लोक आयोग ऐसी कार्यवाही की जांच नहीं करेगा:

(क) जिसके संबंध में लोक सेवक (जांच) अधिनियम, 1950 (1950 का सं. 37) के अधीन औपचारिक तथा लोक जांच आदेशित कर दी गई हो; या

(ख) किसी ऐसे मामले के संबंध में जो जांच आयोग अधिनियम, 1952 (1952 का सं. 60) के अधीन जांच के लिये निर्दिष्ट कर दिया गया हो.

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

(3) लोक आयोग किसी ऐसी शिकायत की जांच नहीं करेगा:-

(क) यदि वह उस तारीख से जिससे शिकायतकर्ता को शिकायत संबंधी जानकारी हुई हो, बारह माह समाप्त होने के पश्चात की गई हो

(ख) यदि वह उस तारीख से, जिससे वह घटना घटित हुई है. जिसके संबंध में शिकायत की गई थी, पांच वर्ष समाप्त हो जाने के पश्चात् की गई हो,

परन्तु लोक आयोग खण्ड (क) में निर्दिष्ट शिकायत को स्वीकार कर सकेगा यदि शिकायतकर्ता यह समाधान कर देता है कि उसके पास उक्त खण्ड में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर शिकायत न करने का पर्याप्त कारण था ।

21. अधिनियम 2002 की धारा- 7 की उपधारा (4) एक सर्वोपरि खंड है जो यह उपबंधित करती है कि इस अधिनियम की कोई भी बात विवेकाधीन प्रयोग के अंतर्निहित किसी प्रशासकीय कार्रवाई को प्रश्नगत करने के लिए लोक आयोग को सशक्त नहीं करेगी सिवाए जहां उसका यह समाधान हो जाये

कि विवेकाधिकार के प्रयोग में अंतर्निहित आवश्यक तत्व इस सीमा तक नहीं है कि विवेकाधिकार को समुचित रुप से प्रयोग किया गया नहीं समझा जा सकता है ।

22. अधिनियम 2002 की धारा 8 की उपधारा (1) लोक आयोग को शिकायत किये जाने का उपबंध करती है अधिनियम की धारा 8 (2) शिकायत पर दंड अधिरोपित करने का उपबंध करती है यदि लोक आयोग यह पाता है कि किसी व्यक्ति द्वारा जानबूझकर या विद्वेषतः मिथ्या शिकायत किया गया है उस उद्देश्य के लिए, अधिनियम, 2002 की धारा 8 की उपधारा (2)का परन्तुक यह उपबंधित करता है कि लोक आयोग द्वारा या उसके अधिकार के तहत की गई शिकायत पर, न्यायालय इस धारा के तहत दंडनीय अपराध का संज्ञान ले सकता है ।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

23. धारा 9 प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का अनुपालन किये जाने को सुनिश्चित करने का उपबंध करती है। अधिनियम, 2002 की धारा 10 के अंतर्गत, लोक आयोग को किसी व्यक्ति को समन करने तथा उसको हाजिर कराने और शपथ पर उसकी परीक्षा करने, किसी दस्तावेज के प्रकटीकरण तथा पेश किये जाने के लिये अपेक्षा करने, शपथ-पत्रों पर साक्ष्य प्राप्त करने, किसी न्यायालय या कार्यालय से किसी लोक अभिलेख या उसकी प्रतिलिपि की अध्यपेक्षा करने, साक्षियों या दस्तावेजों के परीक्षण के लिये कमीशन जारी करने, ऐसे अन्य विषय जो कि विहित किये जायें, हेतु सिविल न्यायालय की सभी शक्तियाँ प्रदान की गई हैं।

24. अधिनियम 2002 की धारा 11 प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने का उपबंध करती है यदि अन्वेषण के पश्चात् लोक आयोग की यह राय है कि शिकायत स्थापित होती है तो वह लिखित में एक प्रतिवेदन द्वारा सुसंगत दस्तावेजों तथा अन्य साक्ष्यों के साथ उसके निष्कर्ष तथा अनुशंसाएं सक्षम प्राधिकारी को संसूचित करेगा। अधिनियम 2002 की धारा 11 की उपधारा (2),(3),(4),(5),(6) और (7),

लोक आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर किये जाने वाले कार्यवाही के सम्बन्ध में उपबंध करती है।

